नव भारत टाईम्स (Nav Bharat Times)

दिनाँक (Dated): 02·08·2024	पृष्ठ सं० (Page No). 03	क्रम सं०(Serial No.) 2

₹33.5 लाख की दवाओं के साथ पकड़ा

■ **एनबीटी न्यूज, नई दिल्ली :** आईजीआई एयरपोर्ट पर एक यात्री को 33.5 लाख रुपये कीमत की दवाइयों के साथ सीआईएसएफ ने पकड़ा है। आरोपी की पहचान यासिन दौलत खान (इंडियन) के रूप में हुई है। जांच के लिए दवाइयां जब्त कर यात्री को कस्टम विभाग को सौंप दिया गया है। सीआईएसएफ के पीआरओ अपूर्व पांडे ने बताया कि 1 अगस्त की रात करीब एक बजे टी-3 के चेक इन एरिया में सीआईएसएफ के कर्मचारी ड्यूटी पर थे। तभी चेक इन एरिया में एक यात्री की संदिग्ध गतिविधियों को देखा गया। वह दुबई की उड़ान संख्या FZ-442 से दुबई के रास्ते काबुल जा रहा था। उसके सामान की एक्स-बीआईएस मशीन से जांच करने पर कुछ संदिग्ध तस्वीर नजर आई। फिर यात्री को चेक इन औपचारिकताएं पूरी करने की अनुमति दी गई। उसके बाद उसके हैंड बैग की जांच की गई तो लगभग 33.5 लाख रुपये कीमत भारी मात्रा में दवाइयां पाई गईं।

CISF ने यात्री को कस्टम विभाग के हवाले किया